कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं–ज्ञानपुर

दिनांक : नवम्बर 17, 2020

आवेदन की तिथि बढाये जाने के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 1324/एसएलएसए–23/2016 दिनांकित सितम्बर 07, 2020 द्वारा जनपद में गठित स्थाई लोकअदालत के संचालन के लिए एक निश्चित मानदेय पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट के सेवानिवृत्त पेशकार, आशुलिपिक ग्रेड–2, चपरासी पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन पत्र दिनांक 15.09.2020 से 30.09.2020 के सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किए गये थे। परन्तु पर्याप्त मात्रा में आवेदन न प्राप्त होने के कारण आवेदन की तिथि को नवम्बर 15, 2020 तक के लिये बढाया गया था। परन्तु सन्तोषजनक मात्रा में आवेदन पत्र प्राप्त न हो पाने के कारण आवेदन कि तिथि को पुनः बढ़ाया जाना आवश्यक है। अतः आवेदन कि तिथि को दिनांक 17.12.2020 को सायं 05:00 बजे तक के लिये बढ़ाया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 17.12.2020 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं में स्वयं/रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

(अभिनव यादव,)

दिनांक– 17.11.2020

प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय भदोहीं को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु प्रेषित

2. केन्द्रीय नाजिर कलेक्ट्रेट को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु प्रेषित

3. सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय हाईकोर्ट की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित

4. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु प्रेषित

5. जिला सूचना अधिकारी भदोहीं को निःशुल्क विज्ञप्ति को प्रकाशन कराने हेतु प्रेषित किया जाय।

6. जिला मजिस्ट्रेट भदोहीं को जनपद भदोहीं के बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित

दिनांक– 17.11.2020

(अभिनव यादव,)
प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं।